सजा बाजार | त्योहार की तैयारी में जुटा बाजार, अलग-अलग रेंज में उपलब्ध हैं राखियां

# रंगबिरंगी राखियों से सजा शहर का बाजार



**नवभारत , जबलपुर ।** रक्षाबंधन की तैयारियों के बीच बाजार में राखियों की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगे धागों से लेकर मोती, स्टोन और अलग-अलग डिजाइन वाली राखियां नजर आ रही हैं। इस बार राखी बाजार में कम कीमत वाली राखियों की मांग ज्यादा दिखाई दे रही है। ग्राहक राखी खरीदते समय डिजाइन के साथ कीमत का भी खास ध्यान रख रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक बाजार में 5 से 100 रुपए तक की राखियां उपलब्ध हैं। इनमें 10 से 15 रुपए की राखियों को लेकर सबसे ज्यादा पूछताछ हो रही है। कई ग्राहक कम कीमत में आकर्षक डिजाइन वाली राखियां पसंद कर रहे हैं। वहीं कुछ दुकानों पर 5 से 60 रूपए तक की राखियों की भी अच्छी वैरायटी उपलब्ध है।

### बजट में पसंद तलाश रहे खरीदार

राखी खरीदने पहुंच रहे लोग पहले अलग-अलग डिजाइन देख रहे हैं और फिर अपनी जरूरत के हिसाब से राखी चुन रहे हैं। बच्चों और युवाओं के लिए अलग-अलग डिजाइन बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्राहकों की पसंद में किफायती रेंज का असर साफ दिखाई दे रहा है। विक्रेताओं के अनुसार अभी व्यापार में बहुत ज्यादा तेजी नहीं आई है। हालांकि त्योहार करीब आने के साथ खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

### कोलकाता से आती हैं ज्यादातर राखियां

दुकानदारों ने बताया कि बाजार में बिकने वाली ज्यादातर राखियां कलकत्ता से मंगाई जाती हैं। वहां से अलग-अलग डिजाइन और रेंज का स्टॉक शहर में पहुंचता है। इस बार भी दुकानदारों ने ग्राहकों की पसंद को देखते हुए कम कीमत से लेकर बेहतर डिजाइन वाली राखियां मंगाई हैं। फिलहाल बाजार में राखियों की वैरायटी पूरी तरह तैयार है। दुकानदारों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे रक्षाबंधन नजदीक आएगा, खरीदारों की संख्या के साथ बिक्री भी रफ्तार पकड़ेगी।

### इनका कहना है



इस बार अभी राखियों का व्यापार ज्यादा नहीं है। ग्राहक आ तो रहे हैं, लेकिन ज्यादातर 10 से 15 रूपए तक की राखियां ही पूछ रहे हैं। हमारे यहां 5 से लेकर 100 रुपए तक की राखियां हैं और कुछ डिजाइन 60 रुपए तक के भी हैं। रक्षाबंधन के एक-दो दिन पहले बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

**विनोद जैन, राखी विक्रेता**



मेरा एक ही भाई है, इसलिए उसके लिए राखी हमेशा खास ही लेती हूं। आमतौर पर 35-40 रुपए तक की राखी ले लेती हूं, लेकिन सिर्फ कीमत नहीं देखती, डिजाइन और भाई को पसंद आएगी या नहीं, ये भी ध्यान रखती हूं। आखिर साल में आने वाला ये त्योहार भाई के लिए थोड़ा खास बनाने का मौका होता है।

**पिंकी गरेवाल, ग्राहक**



# शोभायात्रा के साथ चालीसा व्रत महोत्सव की पूर्ण आहुति

**वरुण देवता की झांकी रही मुख्य आकर्षण**

**नवभारत, जबलपुर।** भरतीपुर स्थित झूलेलाल मंदिर में मंगलवार को मटकी-जल ज्योति की आकर्षक शोभायात्रा और ग्वारीघाट पर ज्योति प्रवाह के साथ 40 दिवसीय चालीसा व्रत महोत्सव की पूर्ण आहुति संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर में सैकड़ों महिलाओं ने ज्योति पूजन व दीपदान कर अपना व्रत पूरा किया। इस दौरान सिर पर ज्योति कलश (बहराणा साहब) रखकर मंदिर की 7 परिक्रमाएँ की गईं। इस वर्ष की मटकी यात्रा में 800 से अधिक महिलाएँ शामिल हुईं, जिसके बाद मटकी ज्योति शोभायात्रा मंदिर से गलगला, मुकादमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, कॉफी हाउस रोड, बड़ी ओमती चौक और घंटाघर होते हुए सिंधु भवन पहुँची। शोभायात्रा में पारंपरिक शैला व चाचर नृत्य के साथ पुष्पों से सुसज्जित वरूण देवता की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण रही, जिसका नेतृत्व स्वामी अशोकानंद महाराज, स्वामी प्रदीप महाराज, वेदांत शर्मा तथा विधायक अशोक रोहाणी व शमन आसवानी ने किया। ग्वारीघाट पर माँ नर्मदा के पावन तट पर ज्योति प्रवाह के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान धर्मसभा में विधायक अशोक रोहाणी ने इसे आस्था का महापर्व बताया। वहीं, स्वामी अशोकानंद महाराज ने कहा कि भक्ति पूर्ण साधना से मन निर्मल बनता है। इस अनुष्ठान में आयोजन समिति के मोतीलाल पारवानी, उद्धवदास पारवानी और जेठानंद खत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## एक नजर में

### ताड़ पत्र से हुआ बड़े महावीर स्वामी का श्रृंगार



**नवभारत, जबलपुर।** श्रावण मास के चौथे मंगलवार को शहर के मध्य विराजमान मराठा कालीन बड़े महावीर का ताड़ पत्र से विशेष श्रृंगार आशीष पुजारी और शोभित पुजारी द्वारा किया गया। वैदिक लोकाचार में अत्यधिक महत्व रखने वाले ताड़ पत्र पर ही संपूर्ण वेदों, उपनिषदों और पुराणों जैसे हिंदू धर्म ग्रंथों की रचना हुई है। हनुमान जी महाराज के रोम-रोम में राम नाम अंकित है। जबलपुर में श्रावण मास के दौरान भगवान शिव के पूजन के साथ ही उनके 12वें रुद्र अवतार हनुमान जी के श्रीविग्रह को सिंदूर और चमेली के तेल का चोला चढ़ाया जाता है। इस पावन महीने के प्रत्येक मंगलवार को प्रभु का अलग-अलग रूपों में श्रृंगार किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार उन्हें गुलाल, मोर पंख और 1,008 तुलसी दल से भी श्रृंगारित किया गया।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु



**नवभारत, जबलपुर।** गीताधाम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के 5वें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित गोवर्धन पूजा का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा कि गोवर्धन लीला हमें अहंकार का त्याग, भगवान की शरण और प्रकृति एवं गौ-संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी और अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। कथा के दौरान पूतना वध, शकटासुर वध एवं तृणावर्त उद्धार जैसे प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के समापन पर भजन, संकीर्तन एवं जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।

# कैट प्रतिनिधियों ने नरेंद्र सिंह तोमर को दिया बैठक का निमंत्रण



**नवभारत, जबलपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की टीम ने जबलपुर सर्किट हाउस में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से सौजन्य भेंट कर उन्हें 30 अगस्त, रविवार को होने वाली मध्यप्रदेश के व्यापारिक प्रतिनिधियों की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। कैट की इस पेशकश पर नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा स्थित मानसरोवर भवन में उपस्थित होने की अपनी सहमति प्रदान की है। इस बैठक में व्यापारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, समस्याओं तथा व्यापार जगत के हितों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर कैट जबलपुर के अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र पचौरी और संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नरेंद्र सिंह तोमर की गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिनिधियों को उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

# जोगनी माता की पावन ध्वज यात्रा का शुभारंभ



**नवभारत, जबलपुर।** जोगनी माता की ध्वज यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस दौरान जगतगुरु डॉ. बाल गोविंदाचार्य महाराज ने पूजन-अर्चन प्रारंभ किया। दादा गुरु की पावन उपस्थिति एवं संतगणों द्वारा अभिषेक पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान कलश धारी महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुईं और शोर नृत्य, ढोल, नगाड़े एवं बैंड की धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में भगवान राम, माता सीता, भगवान लक्ष्मण, भगवान हनुमान, भगवान गणेश, भगवान शंकर, माँ पार्वती, माँ दुर्गा एवं माँ सरस्वती सहित विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनका श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और मार्ग में अनेक स्थानों पर ध्वज पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। यह ध्वज यात्रा का 8वां वर्ष रहा। इस दौरान शहर के अनेक संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उपस्थित रहे। इसके साथ ही संत महामंडलेश्वर पगलानंद महाराज, दादा गुरु, महंत स्वामी रामजी, शरण महाराज, शिव कुमार पाठक, रूप नारायण शास्त्री, दीप महाराज, रमेश महाराज और आयोजक ठाडेश्वर महावर सहित कई संतगण और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में स्वयं हनुमान प्रभात फेरी एवं संत रविदास अखाड़ा की मुख्य भूमिका रही।

# विशेष आवश्यकता वाली बच्चियों के साथ मनाया रक्षाबंधन




**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन संस्था द्वारा मंगलवार को विकलांग सेवा भारती मालवीय चौक में विशेष आवश्यकता वाली बच्चियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। यह कार्यक्रम भगवान महावीर की कृपा से और संत नेपाल केसरी मणिभद्रमुनि महाराज के आशीर्वाद से हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाली बच्चियों के साथ स्नेह और सम्मान का रिश्ता मजबूत करना है। संस्था का प्रयास समाज की हर बेटी को सम्मान तथा स्नेह प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को राखी बांधी गई तथा अंत में बच्चियों को स्नेह व सम्मान के साथ मिठाइयां एवं लिफाफे दिए गए, जिसमें राशि, राखी और रुमाल शामिल थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सूर्यप्रकाश शर्मा रहे और अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के अध्यक्ष मयूर संगवी भी मौजूद थे। इसके दौरान कोषाध्यक्ष सुबाश डागा, अतुल ओसवाल और तपस्वीलाल बागमार उपस्थित रहे।

# माता गुजरी कॉलेज में छात्राओं को दी गई ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग




**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी कॉलेज में मंगलवार को उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ एवं फैशन डिजाइन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 1 दिवसीय ब्यूटी पार्लर कोर्स की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें रिसोर्स पर्सन लक्ष्मी चक्रवर्ती ने छात्राओं को पार्टी मेकअप की ट्रेनिंग दी, प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी और पार्लर स्टार्ट करने के टिप्स भी दिए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार पाहवा एवं प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब के निर्देशन में किया गया। इसमें 45 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम की संयोजक उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. रीता मुखर्जी रहीं एवं फैशन विभाग की स्वाति गुप्ता एवं रजविंदर बंसल का सहयोग सराहनीय रहा। इसमें उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. प्रभा पहारिया, कला संकाय की अध्यक्ष डॉ. दीप्ति मिश्रा और मीडिया प्रभारी डॉ. राकेश तिवारी सराहनीय योगदान रहा।

# ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा के जन्मोत्सव पर महारुद्राभिषेक



**नवभारत, जबलपुर।** महर्षि जन जागरण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महारुद्र अभिषेक एवं संगीतमय सुंदरकांड का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए महारुद्र अभिषेक में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इसके पश्चात भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया, जिससे रामनाम की गूंज से संपूर्ण वातावरण दिव्य और मनोहारी हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडे ने सभी की उत्साहपूर्ण और समर्पित उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए समस्त स्टाफ को बधाई दी।


# डीडी धाम में किया गया भगवान शिव का रुद्राभिषेक



**नवभारत, जबलपुर।** डीडी धाम संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मानेगांव, रांझी में मंगलवार को महामृत्युंजय भोले शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर मंदिर संस्थापक सुधीर सोनु दुबे ने बताया कि यहाँ पिछले 12 वर्षों से श्रावण मास में भोले शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया जाता है और मंदिर परिसर में भक्तों के लिए रुद्राभिषेक की सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। मंदिर भागवताचार्य धीरज कृष्ण शास्त्री एवं मंदिर पुजारी देवेश द्वारा महामृत्युंजय जाप स्तुति व भोले शंकर भगवान का पूजन विधि-विधान से किया गया। इसमें मंदिर समिति की सुधा दुबे, प्रीति शुक्ला, सुनीता राय, सुनीता सिंह सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद व फलों के रस द्वारा महामृत्युंजय भोले शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया। इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में श्रावण मास के उपलक्ष्य में ध्वजा कार्यक्रम के बाद हवन व आरती की गई और फिर प्रसाद वितरण संपन्न हुआ।

महिला समानता दिवस | समान अवसर मिले तो हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं महिलाएं

# महिला समानता : आज की सबसे बड़ी जरूरत




**नवभारत , जबलपुर ।** महिला समानता की बात अब सिर्फ अधिकारों तक सीमित नहीं रह गई है। आज महिलाएं शिक्षा, नौकरी, कारोबार, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में आगे बढ़ते हुए अपनी अलग पहचान बना रही हैं। हालांकि, बराबरी की असली तस्वीर तब सामने आएगी, जब महिलाओं को अपने करियर, आर्थिक फैसलों और जीवन से जुड़े निर्णय लेने में भी समान स्वतंत्रता मिलेगी। हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता की दिशा में हुए प्रयासों को याद करने के साथ यह सोचने का अवसर भी देता है कि समाज में महिलाओं को वास्तव में कितने समान अवसर मिल रहे हैं।

### आर्थिक आत्मनिर्भरता से बढ़ा आत्मविश्वास

शहर में कई महिलाएं नौकरी के साथ अपना व्यवसाय चला रही हैं, वहीं युवतियां शिक्षा पूरी कर रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारी कर रही हैं। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने से महिलाओं के आत्मविश्वास के साथ परिवार के महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी भागीदारी भी बढ़ रही है।

### इनका कहना है



महिला समानता का मतलब सिर्फ महिलाओं को पढ़ने और नौकरी करने का अवसर देना नहीं है, बल्कि उनकी क्षमता पर भरोसा करना भी है। आज लड़कियां शिक्षा और करियर में आगे बढ़ रही हैं। एक शिक्षक के तौर पर मैं चाहती हूं कि हर लड़की को अपनी पसंद का क्षेत्र चुनने और बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ने का अवसर मिले।

**डॉ. मोहनिका गजभिए**
**कॉलेज शिक्षिका**



मैंने मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर अपना करियर चुना और आज इसी काम से अपनी पहचान बना रही हूं। मेरे लिए महिला समानता का मतलब है कि हर लड़की को अपनी पसंद का काम चुनने और उसे करियर बनाने की आजादी मिले। जब महिला अपने पैरों पर खड़ी होती है तो उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**मानसी गुप्ता**
**मेकअप आर्टिस्ट**

### बीएसी एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों के लिए काउंसलिंग

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में रिक्त बीएसी एवं जनशिक्षकों के पदों के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग संपन्न हुई। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र योगेश शर्मा ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार पात्र माध्यमिक एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों के लिए यह प्रक्रिया की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्राथमिक शिक्षक को शामिल नहीं किया गया है। दूसरे चरण में जिले में रिक्त कुल 35 पदों के लिए 9 आवेदन आए थे, जिनमें से कुल 6 पात्र शिक्षकों ने अपने रिक्त स्थानों का चयन किया। इसमें बीएसी के 12 रिक्त पदों में से 3 और जनशिक्षकों के रिक्त 23 पदों में से 3 पात्र शिक्षकों ने स्थानों का चयन किया। इस प्रक्रिया के बाद भी जिले में अभी भी 29 पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता उच्च श्रेणी शिक्षक या माध्यमिक शिक्षक होना, संबंधित की आयु 52 वर्ष से अधिक न होना और उनके विरुद्ध कोई विभागीय जांच या आपराधिक प्रकरण न होना आवश्यक है।



# प्राध्यापक संघ ने प्रो. अरुण शुक्ल का किया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के संरक्षक डॉ. कैलाश त्यागी एवं अध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अरुण शुक्ल का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रो. अरुण शुक्ल अपने अध्यापन कार्य, सहजता और हँसमुख स्वभाव के कारण विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। उन्होंने अपने ज्ञान से विद्यार्थियों को हमेशा दिशा-दर्शन दिया है और जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष के रूप में वे प्राध्यापकों से जीवंत संपर्क में रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. जे.के. गुजराल, डॉ. ए.सी. तिवारी, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर और डॉ. ज्योति जुनगरे सहित कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।